अपील समिति में ममता अजय तिवारी निर्विरोध निर्वाचित

नगर निगम परिषद में शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई निर्वाचन प्रक्रिया, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 10 जुलाई। नगर निगम ग्वालियर की अपील समिति सदस्य के लिए शुक्रवार को नगर निगम परिषद सभागार, जलविहार फूलबाग में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। वार्ड-42 की पार्षद ममता अजय तिवारी के अलावा किसी अन्य पार्षद द्वारा नामांकन दाखिल नहीं किए जाने से और जाँच में ममता अजय तिवारी के नामांकन सही पाए जाने से उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी रुचिका चौहान ने उन्हें निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किया। निर्वाचन के बाद परिषद परिसर में समर्थकों और पार्टी पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत कर जीत की बधाई दी। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही। परिषद सभागार में केवल अधिकृत पार्षदों को ही प्रवेश दिया गया। सभी पार्षदों के मोबाइल फोन प्रवेश द्वार पर ही जमा करा लिए गए थे, जिससे पूरी प्रक्रिया गोपनीय एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। नगर निगम परिषद के मुख्य द्वार पर पुलिस बल तैनात रहा, जबकि बाहर बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता परिणाम का इंतजार करते रहे। निर्वाचन शुरू होने से पहले कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी रुचिका चौहान ने सदन में उपस्थित पार्षदों को पूरी निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी। निर्धारित समय सीमा तक केवल ममता अजय तिवारी का ही नामांकन प्राप्त हुआ। अन्य कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं होने पर उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि नगर निगम में गठित अपील समिति के एक सदस्य के निधन के बाद यह पद रिक्त हो गया था। नियमानुसार रिक्त पद को भरने के लिए निर्वाचन कराया गया, जो पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रहा। निर्वाचन परिणाम की घोषणा के बाद परिषद परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने ममता अजय तिवारी को फूल-मालाएं पहनाकर मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

इन्होंने कहा

यह मेरे लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और सभी पार्षद साथियों का आभार व्यक्त करती हूं। पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगी। अपील समिति की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

— ममता अजय तिवारी, निर्वाचित अपील समिति सदस्य

अपील समिति का एक पद लंबे समय से रिक्त था। प्रशासन ने नियमानुसार निर्वाचन कराकर इस रिक्ति को भर दिया है। ममता अजय तिवारी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। मुझे विश्वास है कि वे समिति की जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी और सक्रियता के साथ निर्वहन करेंगी। मैं उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

– मनोज तोमर, सभापति, नगर निगम परिषद

पीएचई में नियम विरुद्ध पदोन्नति पर अजाक्स ने जताया विरोध

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 10 जुलाई. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में पदोन्नति नियमों को दरकिनार कर कार्यपालन यंत्रियों को अधीक्षण यंत्री के पद पर पदोन्नत करने का मामला गरमा गया है। म.प्र. अजाक्स के प्रांताध्यक्ष चौधरी मुकेश मौर्य ने विभाग के उच्च अधिकारियों पर सांठगांठ कर नियमों के विरुद्ध पदोन्नति देने का आरोप लगाया है।अजाक्स का आरोप है कि विभाग ने वर्ष 2025 के नए पदोन्नति नियमों के विपरीत, छलकपट करते हुए वर्ष 2014 की स्थिति में भूतलक्षी प्रभाव से डीपीसी की कार्यवाही संपन्न कराई है। 9 जुलाई 2026 को लोक सेवा आयोग में आयोजित इस डीपीसी के जरिए अनुराग श्रीवास्तव, आलोक जैन और डी.के. जैन को अधीक्षण यंत्री के पद पर पदोन्नत किया गया है।अजाक्स के अनुसार, सामान्य

सीएम से की शिकायत

प्रशासन विभाग द्वारा 18 फरवरी 2026 को दिए गए स्पष्ट अभिमत को जानबूझकर उच्च अधिकारियों से छिपाया गया। संबंधित मामला उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन होने के बावजूद विभाग ने असंवैधानिक रूप से डीपीसी की कार्यवाही की है। संघ ने आशंका जताई है कि यदि ऐसा हुआ तो अन्य विभागों के कर्मचारी भी भूतलक्षी प्रभाव से पदोन्नति की मांग करेंगे, जिससे राज्य शासन पर वित्तीय भार बढ़ेगा और कानूनी विवादों की संख्या में इजाफा होगा।चौधरी मुकेश मौर्य ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

आईटीएम 'मेघ मल्हार-' का आयोजन 18 और 19 को

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 10 जुलाई. भारतीय ज्ञान परंपरा अध्ययन पीठ आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर एवं आईटीएम यूनिवर्स, ग्वालियर की प्रस्तुति 'मेघ मल्हार-2026' में दो दिवस तक

विदुषी आईवी बनर्जी, साजन मिश्र और स्वरांश मिश्र देंगे शास्त्रीय संगीत की सुमधुर प्रस्तुति



सुरों और रागों की सुमधुर वर्षा होने जा रही हैं भारतीय शास्त्रीय संगीत सभा 'मेघ मल्हार' की 28वीं कड़ी का शुभारंभ 18 जुलाई को देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आईटीएम यूनिवर्स ग्वालियर में होगा। जहां देश के प्रतिष्ठित गायक-गायिकाओं को आमंत्रित किया गया है, जो शास्त्रीय संगीत में स्वर लहरियों से वातावरण में सकारात्मक उर्जा का संचार ग्वालियर शहरवासियों को संगीत के अनूठे अनुभव का भान करायेंगे। मेघ मल्हार का यह आयोजन 19 जुलाई तक सिथौली परिसर के विक्रम साराभाई ब्लॉक स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में होगा। इस दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत सम्मेलन मेघ मल्हार का समय प्रतिदिन शाम 7 बजे से रहेगा।

आईटीएम यूनिवर्स ग्वालियर ऐसा शैक्षणिक संस्थान है जहां कलाओं को विशेष महत्त्व दिया जाता है। यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान दे ही रहा है, वहीं उसके सांस्कृतिक सरोकार भी किसी से छिपे नहीं है। कला-संस्कृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आईटीएम यूनिवर्स में हर वर्ष आमोत्सव, रंग महोत्सव, संगीत सम्मेलन, नृत्य महोत्सव, आर्टमीट, शिल्पकार शिविर जैसे बड़े कला आयोजन साल दर साल सिर्फइसलिए करता आ रहा है

'मेघ मल्हार-2026' के पहले दिन 18 जुलाई को विदुषी आईवी बनर्जी शास्त्रीय संगीत की सुमधुर प्रस्तुति देंगी।- वहीं अगले दिन 19 जुलाई को श्री साजन मिश्र एवं श्री स्वरांश मिश्र द्वारा शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। दोनों दिन की सभाएं शाम 7 बजे से शुरू होंगी।

आईटीएम की ओर से रहेगी नि:शुल्क वाहन व्यवस्था

आईटीएम मेघ मल्हार-2026 का शास्त्रीय संगीतमयी आनंद लेने के लिए शहर से आने वाले संगीत रसिकों के लिए आईटीएम यूनिवर्स ग्वालियर की ओर से बसों की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। निश्चित स्थान चेतकपुरी पेट्रोल पंप पर आईटीएम की बसें शाम ठीक 6 बजे से उपलब्ध रहेंगी, जो आयोजन स्थल पर पहुंचाएंगी और कार्यक्रम समाप्ति के बाद वापस उसी स्थान पर श्रोताओं को छोड़ेंगी।

पत्नी भगा ले जाने पर युवक की पीट-पीटकर हत्या

ग्वालियर 10 जुलाई. सिरोल थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई। मृतकों के परिजनों के अनुसार, आरोपी सूरज जाटव की पत्नी को युवक का बड़ा भाई भगा ले गया था, जिससे आरोपी अपमानित महसूस कर रहा था। इसी का बदला लेने के लिए आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक को अगवा किया और फिर उसे बुरी तरह पीटने के बाद नदी में डुबोकर मार डाला। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और जांच के आधार पर मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

शताब्दी एक्सप्रेस में यात्री का छूटा कीमती सामान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 10 जुलाई. नई दिल्ली-झांसी शताब्दी एक्सप्रेस में एक यात्री का कीमती सामान (लैपटॉप, दस्तावेज और नकदी) सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुँचाकर मुख्य टिकट निरीक्षक

सतर्क टीटीई ने ग्वालियर में परिजनों को सौंपा

निखिल पाण्डेय ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की है।

मथुरा स्टेशन से ट्रेन निकलने के बाद सीटीआई निखिल पाण्डेय ने देखा कि कोच सी-7 की सीट संख्या 25 पर यात्री मौजूद नहीं है। पूछताछ करने पर पता चला कि यात्री मथुरा स्टेशन पर उतर गए थे और ट्रेन छूटने के कारण सवार नहीं हो सके। यात्री ने फोन पर सीटीआई से सामान ग्वालियर में उनके स्वजनों को सौंपने का अनुरोध किया। श्री पाण्डेय ने रेल मदद पर औपचारिक शिकायत दर्ज करवाई और सामान की सुरक्षा सुनिश्चित की। अंतत: ग्वालियर स्टेशन पर आरपीएफ की मौजूदगी में सत्यापन के बाद, लैपटॉप और नकदी सहित पूरा सामान सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया गया। यात्री ने रेल प्रशासन और सीटीआई की तत्परता की सराहना की है।

आरजेएन में वैस्कुलर सर्जरी ओपीडी 12 को

ग्वालियर 10 जुलाई. आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल नई दिल्ली के वरिष्ठ वैस्कुलर सर्जन डॉ जैसम चोपड़ा 12 जुलाई रविवार को सुबह 09:00 बजे से 3:00 बजे तक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे. जिन मरीजों को पैर के पंजों के आसपास छाले,पैरों में अल्सर,पंजों के आसपास की त्वचा काला पड़ना, धूम्रपान करने वालों की उंगलियों का काला पड़ना, पैरों में भारीपन,पैरों में सूजन,नसों का फूलना एवं वेरीकोज वेन की शिकायत है वह मरीज परामर्श ले सकते हैं.असुविधा से बचने के लिए मरीज अपना रजिस्ट्रेशन 7000618041,9522234350 पर करा सकते हैं.

प्रभारी कार्यपालन यंत्रियों को सौंपे प्रभार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 10 जुलाई. कार्य सुविधा एवं प्रशासनिक दृष्टि से नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने जल प्रदाय एवं सीवर विभाग में कार्यपालन यंत्रियों के पद खाली हैं, ऐसे में सीवर एवं जल प्रदाय कार्य के प्रबंधन के लिए प्रभारी कार्यपालन यंत्रियों का दायित्व एवं कार्य का प्रभार सौंपा है।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने श्री महेंद्र प्रसाद अग्रवाल प्रभारी कार्यपालन यंत्री को ग्वालियर पूर्व विधानसभा जल प्रदाय एवं सीवर, श्री प्रवीण दीक्षित ग्वालियर दक्षिण विधानसभा जल प्रदाय एवं सीवर के साथ केंद्रीय भण्डार थाटीपुर, श्री शिशिर श्रीवास्तव ग्वालियर विधानसभा जल प्रदाय एवं सीवर के साथ अमृत योजना 1.0 के तहत सीवर संधारण के संबंध में भविष्य में की जाने वाले कार्यवाही, सीवेज पंपिंग स्टेशन एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन एवं संधारण का कार्य। अमृत योजना के तहत डाली गई मैन ट्रंक लाइन के संधारण का दायित्व दिया गया है। हेमंत शर्मा प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय मोतीझील एवं ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा जलप्रदाय एवं सीवर का दायित्व दिया गया है। जबकि श्रीमती शालिनी सिंह निगम मुख्यालय अंतर्गत अमृत 2.0 से संबंधित समस्त विभागीय पत्राचार, मॉनिटरिंग, न्यायालीय प्रकरण, ईओडब्लू, लोकायुक्त एवं अन्य शिकायत संबंधी कार्य के साथ विधानसभावार प्रभारी कार्यपालन यंत्री एवं जलप्रदाय विभाग के कार्यपालन यंत्रियों से समन्वय कर नोडल अधिकारी के पद का दायित्व दिया गया है, साथ ही सभी के शेष कार्य यथावत रहेंगे।

धमाल 4 में भी खजाने के पीछे भाग रहे कलाकार क्या दर्शको की उम्मीदों पर खरी उतर पायेगी फिल्म

राशि भदौरिया

ग्वालियर 10 जुलाई. अभिनेता अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म धमाल- 4 सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी। यह फिल्म 2011 में आई फिल्म धमालकी चौथी क़िस्त है। फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है। धमाल 4 एक पारिवारिक एडवेंचर. कॉमेडी फिल्म है जिसमे अजय देवगन के साथ अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफ़री, रवि किशन, संजय मिश्रा, संजीदा शेख, ईशा गुप्ता और अंजलि आनंद जैसे कलाकार शामिल है।

कहानी

फिल्म की कहानी शैतान सिंह के 100 साल पुराने खजाने से जुडी हुई है जिसकी तलाश में अजीब अजीब किस्म के लालची लोग लगे हुए है। खजाने का नक्शा केवल एक व्यक्ति को पता होता है और वही सबको खजाने तक पहुंचने का रास्ता बताता है। खजाना एक टापू पर बड़े से एम में छुपा होता है जिसका पता चलते ही सब अपने अपने साथियो के साथ खजाना ढूंढ़ने निकलते है। फिल्म में मौजूद सभी पात्र कभी पहाड़ए कभी समुंदर तो कभी जंगल में अपने मजाकिया अंदाज़ में मुसीबतो का सामना करते हुए नज़र आते है। अब शैतान सिंह का खजाना किसे मिलता है और कैसे मिलता है यह जानने के लिए आपको फिल्म देखना होगी।

निर्देशन, संगीत और लेखन

निर्देशक इंद्र कुमार ने फिल्म के कुछ दृश्यों को जरुरत से ज्यादा लम्बा खींचा है। वही फिल्म के विएफ एक्स भी काफी कमजोर है। फिल्म की कहानी को अच्छे से दर्शको के सामने प्रदर्शित करने में इंद्र कुमार नाकामयाब रहे। फिल्म के संगीत की बात करे तो फिल्म में ज्यादा गाने नहीं है लेकिन फिल्म का कोई भी गाना ऐसा नहीं है जो बार बार सुना जा सके या दर्शको के दिमाग में छाप छोड़ जाए। फिल्म का लेखन काफी निराशाजनक है जो फिल्म की कहानी को काफी कमज़ोर बना देता है। फिल्म के कुछ डायलॉग काफी घीसे पीटे लगते है। इसके साथ ही फिल्म में ज्यादातर जोक्स पर बिलकुल हँसी नहीं आती है।

इस सप्ताह की फिल्म

अभिनय

फिल्म में मौजूद कलाकारों के अभिनय की बात करे तो फिल्म में मौजूद मुख्य कलाकरो जैसे अजय देवगनए अरशद वारसीए रितेश देशमुख और जावेद जाफ़री का अभिनय सामान्य रहा। वही संजय मिश्रा और उपेंद्र लिमये ने फिल्म में काफी अच्छा काम किया। वही रवि किशन, संजीदा शेख, ईशा गुप्ता और अंजलि आनंद के किरदार अपनी छाप छोड़ने में नाकामयाब नज़र आए।

क्या है दर्शकों का कहना

मुझे फिल्म अच्छी लगी लेकिन फिल्म और बेहतर हो सकती थी। लेकिन अफ़सोस यह फिल्म मेरी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी।

शाहरुख़ खान

मैं अपने दोस्तों के साथ इस उम्मीद में फिल्म देखने आया था की पुरानी धमाल सीरीज की तरह यह फिल्म भी काफी मजेदार होगी

दीपक सेंगर

मैं इस फिल्म को दोबारा देखना पसंद नहीं करूँगा। एक बार देखने के लिए ये फिल्म ठीक थी लेकिन फिल्म को दोबारा देख जाए यह उतनी भी अच्छी नहीं थी।

पियूष शर्मा

मैं यह सोचकर धमाल 4 देखने आया था की यह वेलकम टू द जंगल से बेहतर होगी लेकिन यह फिल्म एक एवरेज कॉमेडी फिल्म लगी।

स्पर्श निगम

मुझे धमाल 4 अच्छी लगी फिल्म के कुछ सीन्स में हँसी आती है लेकिन कुछ सीन्स थोड़े बोरिंग है। फिल्म और अधिक बेहतर बन सकती थी

रुपेश दर्मा

विशेष राजस्व वसूली शिविर में संपत्ति कर एवं जलकर वसूली में ग्वालियर नगर निगम प्रदेश में प्रथम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 10 जुलाई. प्रदेश भर में आयोजित एक दिवसीय विशेष राजस्व कर वसूली शिविर में नगर निगम ग्वालियर ने संपत्ति कर एवं जलकर वसूली में प्रदेश में सर्वाधिक राजस्व वसूल किया है। जिसमें संपत्ति कर 2 करोड़ 51 लाख से अधिक एवं जलकर 25 लाख 23 हजार रुपए से अधिक का वसूल किया है।

2 करोड़ 51 लाख से अधिक संपत्ति कर एवं 25 लाख 23 हजार से अधिक जलकर किया वसूल

अपर आयुक्त सम्पत्तिकर श्री मुनीष सिंह सिकरवार ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन में नगर निगम ग्वालियर द्वारा एक दिवसीय विशेष राजस्व वसूली शिविर आयोजित किया गया। इस सिविल के दौरान राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर एवं जलकर जमा करने पर विशेष अग्रिम छूट का लाभ दिया गया। सभी क्षेत्रीय कार्यालयों पर विशेष सम्पत्तिकर एवं जलकर शिविर में शाम 7:00 बजे तक नगर निगम ग्वालियर द्वारा 1892 रिसिप्ट काटकर कुल 2 करोड़ 51 लाख 5555 संपत्ति कर जमा कराया गया।

इसके साथ ही जलकर वसूली में 2044 रसीद काटकर 25 लाख 23 हजार रुपए जलकर जमा कराया गया। जो कि प्रदेश की सभी नगर निगम में आज की सर्वाधिक वसूली है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

ई-नीलामी द्वारा वाहन नीलामी की सूचना

क्षेत्रीय तनावग्रस्त अस्ति वसूली शाखा (आर.ओ.एस. ए.आर.बी.) ग्वालियर, प्रथमतल, बीएसएनएल बिल्डिंग, सिटी सेंटर, ग्वालियर म.प्र. - 474011, मो. नं. 78801-53116, 89378-86644
E-mail: sarsag@bankofbaroda.co.in I Web : bankofbaroda.com

वाहनों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित वाहन जो बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के नीचे दी गई शाखा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है'' एवं '' दायित्व रहित के आधार पर'' के आधार पर निम्नलिखित वर्णित ऋणीयों से बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

उधारकर्ता व जमानतदार का नाम	बकाया राशि	वाहन का विवरण/ रजिस्ट्रेशन नं.	आरक्षित मूल्य रु. ईएमडी 10% बिड वृद्धि राशि
ऋणी: श्री रविशंकर झा पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद झा पता: छोटा लुहारपुरा पुराना शिवपुरी ए.बी. रोड, शिवपुरी, जिला शिवपुरी-473551 पता: पुराना औद्योगिक क्षेत्र शिवपुरी ए.बी. रोड, शिवपुरी, जिला, शिवपुरी-473551	रु. 25,50,856.63/- + ब्याज एवं शुल्क नीलामी दिनांक: 31-07-2026 समय: 2 PM TO 6 PM	Ashok Leyland LTD /1915/52 HE RN-RJ11GD0846	Rs. 22,53,000/- 2,25,300/- 5000/-
ऋणी: श्री रविशंकर झा पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद झा पता: छोटा लुहारपुरा पुराना शिवपुरी ए.बी. रोड, शिवपुरी, जिला शिवपुरी-473551 पता: पुराना औद्योगिक क्षेत्र शिवपुरी ए.बी. रोड, शिवपुरी, जिला, शिवपुरी-473551	रु. 26,01,373.58/- + ब्याज एवं शुल्क नीलामी दिनांक: 31-07-2026 समय: 2 PM TO 6 PM	Ashok Leyland LTD /CA/1915/ 52 HE RN-RJ11GD0845	Rs. 22,53,000/- 2,25,300/- 5000/-
ऋणी: श्री शांति प्रकाश पुत्र श्री मातादीन गुर्जर पता: कांच मिल, बड़ा गेट, बिरला नगर, गिर्द, एमपी-474004 जमानतदार: श्री उमेश चौहान पुत्र श्री ओमप्रकाश सिंह चौहान पता: मकान नंबर 174, न्यू कॉलोनी नंबर 1, बिरलानगर, गिर्द, एम.पी.-474004	रु. 30,31,485.00/- + ब्याज एवं शुल्क नीलामी दिनांक: 31-07-2026 समय: 2 PM TO 6 PM	Ashok Leyland LTD /GG3520/57 H CO RN-RJ11GC5758	Rs. 27,00,000/- 2,70,000/- 5000/-
ऋणी: श्री शुभम दुबे पुत्र श्री छविराम दुबे पता: सैनिक कॉलोनी, सिकंदर कंपू, गिर्द, ग्वालियर,(म.प्र.)-474001 जमानतदार: श्री ग्याप्रसाद सिंह पुत्र श्री निरंजन सिंह पता: रावत बनवारी, तहसील, चीनोर, जिला-ग्वालियर (म.प्र.)-475220	रु. 38,48,221.00/- + ब्याज एवं शुल्क नीलामी दिनांक: 31-07-2026 समय: 2 PM TO 6 PM	Ashok Leyland LTD /NE55 N/39TT CC RN-RJ11GC5147	Rs. 13,25,000/- 1,32,500/- 5000/-
ऋणी: श्री उमेश चौहान पिता श्री ओम प्रकाश सिंह चौहान पता: एन.एच.एन-174, न्यू कॉलोनी बिड़ला नगर, ग्वालियर (म.प्र.)-474004	रु. 31,65,738.00/- + ब्याज एवं शुल्क नीलामी दिनांक: 18-08-2026 समय: 2 PM TO 6 PM	Ashok Leyland LTD /GG3520/ 57 H CO RN-RJ11GC7144	Rs. 30,00,000/- 3,00,000/- 5000/-
ऋणी: श्री नीलकमल रावत पुत्र श्री हरगोविंद रावत पता: 25, आदर्श कॉलोनी, पिंटोपार्क, के.एन.गार्डन के पीछे गिर्द, ग्वालियर (म.प्र.)-474001 जमानतदार: श्री भूरे सिंह पुत्र श्री बीरबल सिंह पता: हरिहर नगर, सागरताल के पास गिर्द, ग्वालियर (म.प्र.)-474001	रु. 35,20,833.00/- + ब्याज एवं शुल्क नीलामी दिनांक: 31-07-2026 समय: 2 PM TO 6 PM	Ashok Leyland LTD / 4220 BS6 / 2021 RN-RJ11GB8077	Rs. 19,00,000/- 1,90,000/- 5000/-

विस्तृत नियम एवं शर्तें हमारे सर्विस प्रोवाइडर की वेबसाईट https://baanknet.com में उपलब्ध हैं ।

स्थान: ग्वालियर दिनांक: 10/07/2026 प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा